कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री विक्रम सिंह राठौड पुत्र श्री कानसिंह राठौड निवासी राठौड हाउस, अमरनाथ कालोनी, नई मण्डी रोड दौसा जिला दौसा राजस्थान

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, प्रभारी अधिकारी भू0अ0 कलैक्ट्रेट दौसा

अपील संख्या 22/2022

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय दिनांक 09.03.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी प्रभारी अधिकारी भू0अ0 कलैक्ट्रेट दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, प्रभारी अधिकारी भू0अ0 कलैक्ट्रेट दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, प्रभारी अधिकारी भू0अ0 कलैक्ट्रेट दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी प्रभारी अधिकारी भू0अ0 कलैक्ट्रेट दौसा को पत्र क्रमांक:डीएम/कोर्ट/2022/332 दिनांक 23.02.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, प्रभारी अधिकारी भू0अ0 कलैक्ट्रेट दौसा ने पत्र क्रमांक: भू0अ0/आरटीआई/2022/1759 दिनांक 03.03.2022 के द्वारा इस कार्यालय को सूचना भिवजाते हुए प्रति अपीलांट को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर, दौसा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2022.04.01 10:18:18 IST
Reason: SelfAttested